जिधर देखूं जहाँ देखूं तेरा दीदार हो जाए

बुत्तखाना और नसुए-हरम देख रहे हैं |
साईं सनम को सारे सनम देख रहें हैं ||

करम इतना तो मुझ पे, साईं जी एक बार हो जाए,
जिधर देखूं ,जहाँ देखूं, तेरा दीदार हो जाए |

मुझे दुनिया से क्या मतलब,
मुझे तुमपे भरोसा है |
जिसे साईं नवाजे,
उसका बेडा पार हो जाए ||

गदाई आप के दर की,
शहंशाहों से बढ कर हैं |
अगर ये ही गुलामी है,
तो यह हर बार हो जाए ||

ना कोई इनके जैसा है,
फ़कीर साईं तो ऐसा है |
जो साईं रंग में रंग जाए,
तो पा-किर्दार हो जाए ||

लगादी जान की बाज़ी,
जो होगा देखा जाएगा |
साईं की जीत हो जाए,
हमारी हार हो जाए ||

हरेक मज़हब को साईं ने,
मोहोबत्त ही सिखाई है |
भरोसा साईं पे करले,
तो जय जयकार जो जाय ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/125/title/jidhar-dekhun-jahan-dekhun-tera-didar-ho-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |